Date :- 16-09-2024
Dainik Bhaskar, Page-02, Surat

मेट्रो हादसे से 23 दिन प्रभावित रहे काम ने फिर पकड़ी रफ्तार, कापोद्रा-सरथाणा रूट पर गर्डर लॉन्चिंग शुरू, यह सेक्शन फेज-1 का आखिरी हिस्सा

4.15 किमी लंबे इस रूट में चार एलिवेटेड स्टेशन भी बन रहे हैं

384 करोड़ से बन रहा रूट • 22 अगस्त को क्रेन और लॉन्चर के एक बंगले पर गिरने से रूट का काम प्रभावित रहा

ट्रांसपोर्ट रिपोर्टर | सूरत

वराछा में मेट्रो रूट पर वायडक्ट पर लॉन्चर रखने के दौरान क्रेन एक बंगले पर गिर गई थी। इस हादसे की वजह से पूरे रूट का काम प्रभावित हो गया था। अब 23 दिन बाद काम फिर शुरू हो गया गया। कापोद्रा-सरथाणा के बीच एलिवेटेड रूट पर गर्डर लॉन्चिंग की तैयारी की जा रही है। यह सूरत मेट्रो लाइन-1 के सीएस-4 पैकेज का 4.15 किमी लंबा आखिरी हिस्सा है। इस रूट पर सरथाणा जू से सीमाड़ा मेट्रो स्टेशन की तरफ गर्डर लॉन्च का काम शुरू किया गया है। पैकेज सीएस-4 में सरथाणा जू से लेकर नार्थ रैंप कापोद्रा का यह एलिवेटेड मार्ग सरथाणा जू को सीधे ड्रीम सिटी से जोड़ेगा। कापोद्रा-सरथाणा जू रूट पर 4 एलिवेटेड स्टेशन बन रहे हैं। इनमें सरथाणा, नेचर पार्क, वराछा चौपाटी गार्डन और श्री स्वामीनारायण मंदिर स्टेशन शामिल हैं।

गर्डर लॉचिंग की तैयारी

निर्माणाधीन सरथाना स्टेशन

4.15 किमी रूट में ये एलिवेटेड स्टेशन बन रहे

- सरथाणा
- नेचर पार्क
- वराछा चौपाटी गार्डन
- श्री स्वामीनारायण मंदिर

जनवरी 2023 में शुरू हुआ था काम | पैकेज सीएस-4 का 4.15 किमी एलिवेटेड रूट रंजीत बिल्डकॉन कंपनी बना रही। इसे 384.47 करोड़ का ठेका दिया गया है। जनवरी 2023 में इस हिस्से पर पाइल लोड टेस्टिंग शुरू की गई थी। अब पिलर पर गर्डर लॉन्चिंग काम शुरू कर दिया गया है।

हादसे से इस सेक्शन का काम अटक गया था

उल्लेखनीय है कि इसी सेक्शन पर नाना वराछा में 22 अगस्त को गर्डर लॉन्च करने के लिए वायाडक्ट पर लॉन्चर बॉक्स रखने के दौरान हादसा हो गया था। लॉन्चिंग के दौरान हाइड्रोलिक प्रेशर कम होने से एक क्रेन टूट गई थी। जिससे दूसरी क्रेन लॉन्चर बॉक्स के साथ पास के एक बंगले पर गिर गई थी। क्रेन और 150 टन से अधिक भार वाले लॉन्चर के गिरने से बंगला क्षतिग्रस्त हो गया था।